Name		Roll Number	

INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION
FIRST TERM EXAMINATION 2018-19

HINDI (SECOND LANGUAGE)

CLASS: V

MODEL PAPER

Time Allotted: 2 ½ Hrs.

Max .Marks: 80

निर्देश:

* **इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड हैं। खंड (क) खंड (ख) और खंड (ग)।**
* **इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं।**
* **प्रश्न पत्र में कोई उत्तर न लिखें।**
* **हर प्रश्न को ध्यान से पढ़कर उसके सही उत्तर दें।**

खण्ड (क) पदय व गदय

प्रश्न Marks

प्रश्न 1 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **1x5=5**

(क) **‘ मेरा तना काटकर तुम एक नाव बना लो’**

1 उपर्युक्त वाक्य किसने किससे कहा है?

2 वह नाव किसके लिए बनाना चाहता था ?

3 वह नाव बनाकर कहाँ जाना चाहता था?

4 यह वाक्य किस पाठ से लिया गया है? इस पाठ के लेखक कौन है?

5 नाव का समानार्थी शब्द लिखिए ।

(ख) **‘अन्याय से निशिदिन दूर रहें ,** **1x5=5**
जीवन हो शुद्ध -सरल अपना,
शुचि प्रेम सुधा - रस बरसाएँ ।’

1 उपर्युक्त पंक्ति में कवि किससे दूर रहने के लिए कह रहा है ?

2 कवि के अनुसार जीवन कैसा होना चाहिए ?

3 उपर्युक्त पंक्ति के अनुसार में हमें क्या बरसाना चाहिए ?

4 यह पंक्ति किस कविता से ली गई है और इसका कवि कौन है ?

5 नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द पंक्तियों से ढूँढ़कर लिखिए ।

1) न्याय 2) कठिन

प्रश्न 2 दिए गए शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए। **1x6=6**

1 पर -सेवा **2** कढ़ी **3** बदा **4** पाखंड **5** काल **6** शुचि

प्रश्न 3 दिए गए शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। **1x4=4**

1 रक्त **2** पेड़ **3** सागर **4** शहर

प्रश्न 4 नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर पाठ के आधार पर सही (✓) या गलत (✕) का चिह्न लगाइए । **½x6=3**

1 युवक ने राजा को रद्दी लिफ़ाफ़ो की कहानी सुनाई ।

2 कविता में कवि अमीर लोगों के संताप हरने की बात कर रहा है ।

3 सीप में गिरने पर बूँद पानी बन गई।

4 रक्त के दो भाग होते हैं।

5 बादशाह ने रात को दो बजे नौकर को बुलाया।

6 घर से निकलते समय लोग सोचते व झिझकते हैं।

प्रश्न 5 नीचे दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ के आधार पर कीजिए । **1x5=5**

1 अब वह स्थान सचमुच -------- हो गया था ।

2 मंत्री दुखी हुआ पर -------- खुश था।

3 वह पढ़ाई में बहुत -------- थी ।

4 पेड़ पर बहुत सुंदर --------लगते थे ।

5 वृद्ध उस ठूँठ -------- पर बैठ गया ।

प्रश्न 6 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक -एक वाक्य में लिखिए । **1x6=6**

1 'एक बूँद' कविता का कवि कौन है ?

2 वित्तमंत्री रात के दो बजे क्या कर रहे थे ?

3 खून के सफेद कण हमारी क्या सहायता करते हैं?

4 दीन-दुखियों के कष्टों को कैसे दूर किया जा सकता है ?

5 बादशाह ने युवक का कितना वेतन तय किया था ?

6 नेहा कहाँ रहती थी?

प्रश्न 7 किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए। *(only 3)* **2x3=6**

1 रक्तकण कितने प्रकार के होते हैं? इन्हें हम कैसे देख सकते हैं ?

2 'दानी पेड़' शीर्षक कहानी हमें क्या सीख देती है ?

3 बादलों की गोद से निकलकर बूँद क्या -क्या सोचने लगी ?

4 हमें जीवन को सफल बनाने के लिए क्या करना चाहिए?

खण्ड (ख) व्याकरण

प्रश्न 8 नीचे दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित संज्ञा शब्दों से कीजिए । **1x2=2**

1 वह --------------- जा रहा है ।

2 राघव ने माँ को ------------------दिया ।

प्रश्न 9 ½x4=2

(क) नीचे दिए गए वाक्यों में से चार सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए।

1 आपका नाम क्या है ?

2 राज अपना काम स्वयं करता है ।

(ख) नीचे दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति सर्वनाम शब्दों द्वारा कीजिए। 1x3=3

1 रागिनी का गृहकार्य -------------- करती हूँ।

2 मानसी बाजार --------------- साथ जा रही है?

3 -------------- बहन अध्यापिका है ।

प्रश्न 10

(क) नीचे दिए गए वाक्यों में से चार विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए। ½x4=2

1 सोनल के पास नई और रंग-बिरंगी किताबें हैं।

2 लता ने चार मीटर कपड़ा और थोड़ा सामान खरीदा ।

(ख) नीचे दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति विशेषण शब्दों द्वारा कीजिए । 1x3=3

1 आयशा प्रतिदिन ------------- दूध पीती है।

2 ------------- घर में राघव रहता है ।

3 मेरा बेटा ------------- है।

प्रश्न 11 ½x6=3

(क) नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए ।

1 कवि 2 मोर 3 गुणवान 4 लेखक 5 माता 6 नाना

(ख) नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए। 1x2=2

1 यह <u>डिब्बा</u> बड़ा है ।

2 वह <u>बालक</u> रोज़ प्रार्थना करता है ।

प्रश्न 12 नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए। ½x8=4

1) माता 2) सूर्य 3) आग 4) मित्र

प्रश्न13 नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। 1x4=4

1) हित 2) लाभ 3) संभव 4) उपकार

(ग) रचना

प्रश्न 14 नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मनुष्य जीवन के लिए तीन चीजें बहुत ही आवश्यक हैं- ताज़ी हवा, स्वच्छ पानी और संतुलित भोजन। पानी और भोजन से भी ज़्यादा ज़रूरी है हवा क्योंकि पानी के बिना मनुष्य दो - चार दिन जीवित रह सकता है, भोजन के बिना 90 दिन तक जीवित रह सकता हैं, परंतु हवा के बिना तो पाँच मिनट भी जीवित नहीं रह सकता। मनुष्य को साँस लेने के लिए हवा का शुद्ध होना ज़रूरी है। खुले स्थानों में जहाँ गंदगी न हो वहाँ हवा साफ़ और शुद्ध रहती है - जैसे निर्मल जल पीने से चित्त (mind) प्रसन्न होता है, ताकत बढ़ती है उसी तरह शुद्ध हवा भी शक्ति बढ़ाती है और मन को प्रसन्न करती है।

प्रश्न

1 मनुष्य जीवन के लिए क्या-क्या आवश्यक है? 1

2 हम भोजन के बिना कितने दिन जीवित रह सकते हैं? 1

3 कैसा जल पीने से चित्त प्रसन्न रहता है? 1

4 शुद्ध हवा क्या-क्या करती है? 1

5 दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द गद्यांश से ढूँढ़कर लिखिए। ½+½

1) वायु 2) मानव

प्रश्न 15 किसी एक विषय पर 60 -80 शब्दों में निबंध लिखिए। 10

1 मेरा प्रिय पक्षी 2 पुस्तकालय 3 सच्चा मित्र